<u>समाचार</u>

अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देती है रामायण–महापौर

(केदईखार में आयोजित अखण्ड नवधा रामायण का शुभारंभ किया महापौर ने)

कोरबा 12 फरवरी 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा कि अधर्म के ऊपर धर्म की विजय तथा आसूरी शक्तियों पर दैवीय शक्तियों की जीत का संदेश देती है रामायण। उन्होने कहा कि रामायण विश्व का महानतम ग्रंथ हैं तथा रामायण में वर्णित एवं भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित आदर्श हर युग एवं हर समय के लिए प्रासांगिक है, इन आदर्शो पर चलकर ही एक श्रेष्ठ समाज की स्थापना हो सकती है।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल ने एन.टी.पी.सी. प्लांट रोड स्थित ग्राम केंदईखार में श्री अखण्ड नवधा रामायण के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। धनाक्षी मां महिला स्वसहायता समूह केदईखार एवं समस्त ग्रामवासी वार्ड क्र. 51 केदईखार के द्वारा ग्राम में श्रीअखण्ड नवधा रामायण का भव्य आयोजन किया गया है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने गुरूवार शाम केदईखार पहुंचकर अखण्ड नवधा रामायण का विधिवत शुभारंभ कराया। उन्होने इस मौके पर भगवान राम एवं माता सीता की पूजा अर्चना की तथा नगर के विकास व आमनागरिकों की सुख–समृद्धि की कामना की। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि महिला समिति एवं ग्रामवासियों के द्वारा यह महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन किया गया है, जिसके लिए मैं सभी को बधाई व शुभकामनाएं देती हूं तथा विश्वास करती हूं कि भविष्य में ऐसे जनकल्याकारी आयोजन इस ग्राम में होते रहेंगे। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने लीलाओं के माध्यम से महान आदर्शो की स्थापना की थी, उनके द्वारा स्थापित किए गए आदर्शो पर चलकर ही राम राज्य की स्थापना की जा सकती है।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य श्यामारामायण दास महंत, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, वरिष्ठ नेत्री कुसुम द्विवेदी, पेसीराम भारिया आदि के साथ महिला समिति की सदस्याएं, काफी संख्या में श्रद्धालुजन व ग्रामवासी उपस्थित थे।